# न्यायालय उपखण्डाधिकारी (राजस्व) नोहर जिला हनुमानगढ

पीठासीन अधिकारी का नाम :– सुश्री श्वेता कोचर ( आर0ए0एस0 )

मिसल न0– 32 / 2021

अनवान :–

1. राजेन्द्र पुत्र महेन्द्र सिह जाति मेधवाल निवासी थालडका तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।

सायल

बनाम्

1. सैन कुमार पुत्र ओमप्रकाश जाति कुम्हार ( प्रजापती ) निवासी थालडका तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
2. सतीश कुमार पुत्र ओमप्रकाश जाति कुम्हार ( प्रजापती ) निवासी थालडका तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
3. रानी देवी पत्नी ओमप्रकाश जाति कुम्हार ( प्रजापती ) निवासी थालडका तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
4. भालसिह पुत्र सुलतान सिह जाति कुम्हार ( प्रजापती ) निवासी थालडका तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
5. शंकरलाल पुत्र भालसिह जाति कुम्हार ( प्रजापती ) निवासी थालडका तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
6. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर जिला हनुमानगढ।

–असल गैरसायल

7. सुरेन्द्र पुत्र महेन्द्रसिह जाति मेधवाल निवासी थालडका तहसील नोहर।
8. जीवणी देवी पत्नी महेन्द्रसिह जाति मेधवाल निवासी थालडका तहसील नोहर।

तरतीबी प्रतिवादी

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 251–(क) राज0 काश्तकारी अधिनियम सन् 1955

उपस्थित :– श्री रविन्द्र कुमार गोदारा, अभिभाषक, प्रार्थी

निर्णय दिनांक : 21/10/2021

संक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है कि प्रार्थी ने प्रशासन गावं के संग अभियान कैम्प थालडका में प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251 (क) राजस्थान काश्तकारी अधिनियम के तहत प्रस्तुत कर निवेदन किया की प्रार्थी की खातेदारी भूमि रोही मौजा चक 1 टीकेएम के खाता संख्या 9/9 की कुल 0.7590हैक सायल व तरतीबी गैरसायल के नाम से दर्ज है।

रोही मौजा चक 1 टीकेएम के खाता संख्या 37/35 की कुल 10.8270हैक भूमि गैरसयाल के नाम बतौर खातेदार काश्तकार दर्ज है।

सायल व तरतीबी गैरसायलान संख्या 7 ,8 गांव थालडका से चलकर रावतसर से नोहर मुख्य सडक से होते हुए गैरसायल के खेत रोही मौजा चक 1 टीकेएम के खाता संख्या 37/35 के प0न0 219/398(9) के किला न0 21/1 के पश्चिम दिशा से होते हुए दक्षिणी दिशा में चलकर अपने खेत रोही मौजा चक 1 टीकेएम के खाता संख्या 9/9 के प0न0 219/399(10) के किला न0 1 में प्रवेश करते है।

सायल एवं तरतीबी प्रतिवादीगण को अपनी खातेदारी भूमि में जाने के लिये अन्य कोई स्वीकृत शुद्वा रास्ता नही है यही रास्ता सुविधाजनक है प्रार्थी अपने खेत में जाने के लिये उक्त रास्ता स्वीकृत करवा कर राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवाना चाहते है।

अतः सायल का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर रोही मोजा रोही मौजा चक 1 टीकेएम के खाता संख्या 37/35 के प0न0 219/398(9) के किला न0 21/1 के मिन पश्चिम में 2 गठठा रास्ता स्वीकृत करने के आदेश फरमावे एवं रास्ते की भूमि के बदले में भूमि देने को तैयार है सायल का प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमावे।

सायल का प्रार्थना पत्र प्रशासन गांव के संग अभियान में पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाने के उपरान्त गैरसायलान संख्या 1 ता 5 अधिवक्ता उपस्थित आकर

उपखण्ड अधिकारी
नोहर

Scanned with CamScanner

सायल के प्रार्थना पत्र को स्वीकार किया जाकर निवेदन किया की सायल को उसकी खातेदारी भूमि में जाने के लिये रास्ता स्वीकार किया जाता है तो किसी प्रकार का ऐतराज नही है व अपने कथनों के समर्थन में ईकबाल जबाब भी पेश किया जो शामिल मिसल किया गया ।

पेरोकार राज ने निवेदन किया की सायल एवं गैरसायल की आपसी सहमति के आधार पर राजय हकों को सुरक्षित रखा जाकर रास्ताा स्वीकार किया जाता है तो किसी प्रकार का ऐतराज नही है।

सायल के अधिवक्ता ने निवेदन किया की सायल के द्वारा चाहा गया रास्ता गैरसायल संख्या 1 ता 5 देने को तेयार है किसी प्रकार का ऐतराज नही किया है अतः साायल का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर रास्ता राजस्व रिकार्ड में दर्ज किया जाने एवं रास्ते के बदले में भूमि गैरसायल संख्या 1 ता 5 के नाम दर्ज करने के आदेश फरमावे।

हमने उभयपक्षों को सुना पत्रावली का अवलोकन किया सायल एवं गैरसायल दोनो एक दुसरे के चिपते हुए खातेदार काश्तकार है सायल अपनी खातेदारी भूमि में जाने के लिये रास्ता स्वीकृत करवाना चाहता है सायल के कथनों गैरसायलान से स्वीकार किया जाकर निवेदन किया की सायल की भूमि में जाने के लिये रास्ता स्वीकृत किया जाता है तो किसी प्रकार का ऐतराज नही है अर्थात सायल एवं गैरसायल की रास्ता स्वीकृत करने में सहमति हो चुकी है।

किसी भी खातेदार काश्तकार को उसकी खातेदारी भूमि में जाने के लिये रास्ता दिया जाना भी न्यायोचित है एवं सायल एवं गैरसायल की आपसी सहमति के आधार पर सायल का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य है।

अतः साायल एवं गैरसायल की आपसी सहमति के आधार पर सायल का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर गैरसायल न0 1 ता 5 की रोही मौजा चक 1 टीकेएम के खाता संख्या 37/35 के प0न0 219/398(9) के किला न0 21/1 के मिन पश्चिम में 2 गठठा चौडा रास्ता स्वीकृत किया जाता है तथा सायल एवं तरतीबी गैरसायल संख्या 7 ,8 रास्ता में जितनी भूमि आती है उतनी भूमि प0न0 219/399(10) के किला न0 1 में से उत्तर दिशा में रास्ता के सामने की भूमि छोकर गैरसायल संख्य 1 ता 5 को देगा इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करने हेतु तहसीलदार राजस्व नोहर को आदेश जारी किया जाकर शामिल मिसल किया गया व्यय प्रार्थना पत्र उभयपक्ष अपना अपना वहन करेगे पत्रावली नम्बर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 21/10/21 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

उपखण्डाधिकारी ( राजस्व )
नोहर (हनुमानगढ़)

उपखण्ड अधिकारी
नोहर



Scanned with CamScanner

# न्यायालय उपखण्डाधिकारी (राजस्व) नोहर जिला हनुमानगढ

क्रमांक : राजस्व / 2020 / 251(A)/32

दिनांक 21/10/2021

तहसीलदार,
नोहर

विषय :– स्वीकृत रास्ता का राजस्व रिकार्ड में अंकन करने के सम्बध में प्रार्थना–पत्र सं0 01 सन 2021 निर्णय दिनांक

अनवान :– अनवान :–

1. राजेन्द्र पुत्र महेन्द्र सिह जाति मेधवाल निवासी थालडका तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।

सायल

बनाम्

1 सैन कुमार पुत्र ओमप्रकाश जाति कुम्हार ( प्रजापती ) निवासी थालडका तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
2. सतीश कुमार पुत्र ओमप्रकाश जाति कुम्हार ( प्रजापती ) निवासी थालडका तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
3. रानी देवी पत्नी ओमप्रकाश जाति कुम्हार ( प्रजापती ) निवासी थालडका तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
4. भालसिह पुत्र सुलतान सिह जाति कुम्हार ( प्रजापती ) निवासी थालडका तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
5. शंकरलाल पुत्र भालसिह जाति कुम्हार ( प्रजापी ) निवासी थालडका तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
6. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर जिला हनुमानगढ।

–असल गैरसायल

7. सुरेन्द्र पुत्र महेन्द्रसिह जाति मेधवाल निवासी थालडका तहसील नोहर।
8. जीवणी देवी पत्नी महेन्द्रसिह जाति मेधवाल निवासी थालडका तहसील नोहर।

तरतीबी प्रतिवादी

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रार्थना–पत्र स्वीकार कर आदेश दिया गया है कि रोही मौजा चक 1 टीकेएम के खाता संख्या 37 / 35 के प0न0 219 / 398(9) के किला न0 21 / 1 के मिन पश्चिम में 2 गठठा चौडा रास्ता स्वीकृत किया जाता है तथा सायल एवं तरतीबी गैरसायल संख्या 7 ,8 रास्ता में जितनी भूमि आती है उतनी भूमि प0न0 219 / 399(10) के किला न0 1 में से उत्तर दिशा में रास्ता के सामने की भूमि छोकर गैरसायल संख्या 1 ता 5 को देगा इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन किया जाकर पालना रिपोर्ट तुरन्त प्रस्तुत करे।

सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी
नोहर

..3

Scanned with CamScanner